**डा॰ प्रमोद कुमार, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग–सह–पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक 09.01.2026 को आहूत समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति – पंजी के अनुसार।

समीक्षा बैठक में नोडल पदाधिकारी अधिप्राप्ति लखीसराय–सह– अपर निबंधक (प्रशासन) सहयोग समितियाँ, बिहार पटना, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, भागलपुर–सह–मुंगेर प्रमण्डल (प्रशासनिक एवं अंकेक्षण), अध्यक्ष, दी मुंगेर जमुई सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लि॰, मुंगेर, प्रबंध निदेशक, दी मुंगेर जमुई सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लि॰ मुंगेर, जिला सहकारिता पदाधिकारी, लखीसराय, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, सहयोग समितियाँ, लखीसराय एवं सभी प्रखंड के वरीय/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त अवसर पर श्री मिथिलेश मिश्र (भा॰प्र॰से॰) जिला पदाधिकारी, लखीसराय की भी उपस्थिति रही। माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग–सह–पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार द्वारा धान अधिप्राप्ति संबंधित निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गयी :–

(1) धान अधिप्राप्ति की समीक्षा:–जिला सहकारिता पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में अबतक 1816 किसानों से 14974.30 MT धान की अधिप्राप्ति की गई है। 1816 किसानों में 1577 किसानों को उनके धान के मूल्य का भुगतान प्राप्त हो गया है। शेष किसानों को शीघ्र ही राशि का भुगतान करा दिया जाएगा। माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग द्वारा इस पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने, किसानों को ससमय भुगतान करने का निदेश दिया गया। लखीसराय जिलान्तर्गत धान अधिप्राप्ति की स्थिति निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | प्रखंड | कुल पैक्स | क्रियाशील पैक्स | व्यापार मंडल | क्रियाशील व्यापार मंडल की संख्या | निबंधित किसान | अधिप्राप्ति किये गये किसानोंकी संख्या | भुगतान प्राप्त किसानों की संख्या | अधिप्राप्ति मात्रा | खरीदारी भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बड़हिया | 9 | 5 | 1 | 0 | 427 | 44 | 44 | 211.125 | 5054332.500 |
| 2 | चानन | 10 | 9 | 1 | 1 | 3428 | 388 | 328 | 2783.419 | 56434791.420 |
| 3 | हलसी | 10 | 10 | 1 | 0 | 4539 | 283 | 271 | 2342.470 | 54227212.200 |
| 4 | लखीसराय | 10 | 9 | 1 | 1 | 2890 | 292 | 221 | 2001.066 | 36477473.760 |
| 5 | रामगढ़चौक | 8 | 7 | 1 | 0 | 5252 | 328 | 261 | 3553.100 | 73210914.000 |
| 6 | सूर्यगढ़ा | 28 | 15 | 1 | 1 | 3929 | 481 | 452 | 4083.074 | 92643083.820 |
| 7 | पिपरिया | 5 | 0 | 0 | 0 | 208 | 0 | 0 | 0.000 | 0.000 |
| | कुल योग:– | **80** | **55** | **6** | **3** | **20673** | **1816** | **1577** | **14974.3** | **318047807.700** |

(2) निबंधित किसानों से धान अधिप्राप्ति की समीक्षा:– जिला सहकरिता पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि लखीसराय जिला में अबतक 20673 किसानों द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु निबंधन कराया गया है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अबतक मात्र 1816 किसानों से धान की अधिप्राप्ति

की गई है। माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग द्वारा मात्र 8.78 प्रतिशत निबंधित किसानों से धान खरीद होने पर खेद प्रकट किया गया एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, लखीसराय को निदेश दिया गया कि अधिक से अधिक निबंधित किसानों से धान की अधिप्राप्ति कराना सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक किसान धान अधिप्राप्ति कार्य से लाभान्वित हो सके साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि अधिक से अधिक छोटे एवं सीमान्त किसानों से धान क्रय करना सुनिश्चित करेंगे। जिला सहकारितां पदाधिकारी, लखीसराय को निदेश दिया गया कि अधिप्राप्ति से संबंधित सभी शिकायतों का त्वरित निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

(3) <u>समितियों के संबद्धता की समीक्षाः–</u> जिला सहकरिता पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि लखीसराय जिलान्तर्गत 15 पैक्स एवं 01 व्यापार मंडल को अन्य समिति एवं व्यापार मंडल से संबद्ध किया गया है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कई समितियों को उनके बगल वाले समितियों से संबद्ध नही कर अधिक दूरी वाले समितियों से संबद्ध किया गया है। माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग द्वारा विभागीय निदेश के आलोक में समितियों की संबद्धता करने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी, लखीसराय को दिया गया। इस संबंध में जिला पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि पुनः इसकी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि चानन व्यापार मंडल स0स0, प्रखण्ड– चानन में लखीसराय व्यापार मंडल स0स0 लखीसराय एवं हलसी व्यापार मंडल स0स0, प्रखण्ड– हलसी को संबद्ध किया गया था। जिला सहकारिता पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि लखीसराय व्यापार मंडल स0स0, लखीसराय डिफॉल्टर होने एवं प्रस्ताव अप्राप्त रहने की स्थिति में संबद्धता चानन व्यापार मंडल स0स0 से की गई थी। जिसे डिफॉल्टर मुक्त होने एवं प्रस्ताव प्राप्त होने पर संबद्धता समाप्त करते हुए लखीसराय व्यापार मंडल स0स0 लखीसराय को स्वतंत्र रूप से अधिप्राप्ति कार्य करने हेतु अधिकृत कर दिया गया है। हलसी व्यापार मंडल स0स0 का चयन धान अधिप्राप्ति हेतु नहीं होने की समीक्षा के क्रम में प्रबंधक, व्यापार मंडल स0स0, हलसी–सह–वरीय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, हलसी द्वारा बताया गया कि हलसी व्यापार मंडल स0स0 की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक नहीं होने के कारण धान अधिप्राप्ति हेतु चयन नहीं हुआ है। माननीय मंत्री द्वारा प्रबंधक, व्यापार मंडल स0स0, हलसी से गत बैठक कब हुई है के संबंध में पृच्छा की गई। प्रबंधक, व्यापार मंडल स0 इस संबंध में कोई सकारात्मक जबाब नहीं दिया गया जिसपर माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग क्षोभ व्यक्त किया गया एवं प्रबंधक, व्यापार मंडल स0स0 हलसी को सख्त निदेश दिया गया कि अविलंब हलसी व्यापार मंडल स0स0 के प्रबंधकारीणी सदस्य की बैठक कराते हुए प्रस्ताव कार्यालय में समर्पित करें। प्रबंधक द्वारा आश्वस्त किया गया कि दो दिनों में प्रबंधकारिणी की बैठक कराकर प्रस्ताव कार्यालय में समर्पित कर दिया जाएगा।

(4) <u>समितियों के क्रियाशीलता की समीक्षाः–</u> जिला सहकारिता पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि लखीसराय जिला में कुल 80 पैक्स एवं 06 व्यापार मंडल कुल 86 समिति है। जिलान्तर्गत 55 पैक्स एवं 03 व्यापार मंडल स0स0 कुल 58 समितियों का चयन धान अधिप्राप्ति हेतु किया गया है। शेष समिति कतिपय कारणों जो निम्न प्रकार है के कारण चयन नहीं किया जा सका हैः–

| क्रमांक | चयन नहीं होने का कारण | समितियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | उत्पादन नगण्य | 12 |
| 2 | डिफॉल्टर | 04 |
| 3 | अवक्रमित | 02 |
| 4 | अअंकेक्षित | 01 |
| 5 | कार्यकारिणी विवाद | 05 |
| 6 | कोरम का अभाव | 01 |
| 7 | प्रस्ताव अप्राप्त | 03 |
| **कुल :–** | | **28** |

माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि संबंधित सहकरिता प्रसार पदाधिकारी को अविलंब प्रस्ताव कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दें एवं प्रस्ताव प्रस्ताव प्राप्त कर समिति का चयन जिला टास्क फोर्स से कराते हुए समिति को धान अधिप्राप्ति हेतु क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें।

जिला सहकारिता पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि पिपरिया प्रखंड अन्तर्गत 05 पैक्स हैं जिसमें 04 पैक्स में धान का उत्पादन शून्य/नगण्य है। एक समिति सैदपुरा पैक्स में पूर्व में अधिप्राप्ति कार्य में गड़बड़ी करने के कारण समिति चयन योग्य नहीं है। माननीय मंत्री सहकारिता विभाग द्वारा समिति को बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1935 की धारा 41 के तहत निलंबित करने का निदेश दिया गया।

(5) <u>समितियों कैश–क्रेडिट ऋण की समीक्षाः–</u> प्रबंध निदेशक, दी मुंगेर जमुई सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव द्वारा बताया गया कि अभी तक 41 करोड़ रू0 समितियों को कैश–क्रेडिट ऋण स्वीकृत किया गया है। जिसमें 31 करोड़ रू0 किसानों को भुगतान कर दिया गया है अभी भी 10 करोड़ रू0 कैश–क्रेडिट समिति के पास अवशेष है। माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग द्वारा प्रबंध निदेशक, दी मुंगेर जमुई सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लि0, मुंगेर को निदेश दिया गया कि जिन समितियों के पास कैश–क्रेडिट अवशेष है की समीक्षा कर धान अधिप्राप्ति कराना सुनिश्चित करें ताकि जिला में धान की खरीदारी में तेजी आ सके। साथ ही प्रबंध निदेशक को निदेश दिया गया कि आवश्यकतानुसार सभी समितियों को कैश–क्रेडिट उपलब्ध कराने के दिशा में तीव्रता लायें।

(6) <u>एफ०आर०के० एवं सी०एम०आर० भंडारण की समीक्षाः–</u> जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम द्वारा बताया गया कि सम्प्रति एक लाख क्विंटल सी०एम०आर० भंडारण हेतु गोदाम उपलब्ध है। एफ०आर०के० के संबंध में पृच्छा करने पर जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि एक–दो दिनों में राईस मिलर को एफ०आर०के० उपलब्ध हो जाएगा एवं सी०एम०आर० की प्राप्ति सी०एम०आर० संग्रहण केन्द्र पर प्रारंभ हो जाएगा।

*<u>धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।</u>*

14/01/2026

जिला सहकारिता पदाधिकारी
लखीसराय

ज्ञापांक 93 /सहयोग समितियाँ, लखीसराय, दिनांक 15/1/2026

प्रतिलिपि :– सभी वरीय/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी लखीसराय जिलान्तर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, सहयोग समितियाँ लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक, दी मुंगेर जमुई केन्द्रीय सहकारी बैंक लि०, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– अध्यक्ष, दी मुंगेर जमुई सेन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लि० मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः– सयुंक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः– अपर निबंधक (प्रशासन) सहयोग समितियाँ, बिहार पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, लखीसराय की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः– निबंधक सहयोग समितियाँ, बिहार पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः– सरकार के सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

14/01/2026

जिला सहकारिता पदाधिकारी
लखीसराय